जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-43 | जयपुर, सोमवार, 20 नवम्बर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा के समर्थन में कालाडेरा में हुआ विजय संकल्प सभा का आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा





**चौमूं (हमारा वतन)** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं से भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा के समर्थन में बस स्टैंड कालाडेरा में विजय संकल्प सभा का आयोजन हुआ । विजय संकल्प सभा में चौमूं विधानसभा क्षेत्र से हज़ारों की संख्या में लोग पहुँचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा, सुमेधानन्द सरस्वती और अतिथियों का जेसीबी और क्रेन से फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया गया। भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा के नेतृत्व में मण्डल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, श्रीराम शर्मा, बनवारी शर्मा, साधुराम गुर्जर ने असम मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा का हनुमानजी की गदा भेंट कर स्वागत किया। विजय संकल्प सभा में असम मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने राम मंदिर निर्माण, धारा 370 को हटाने का काम किया और पूरे देश में कहीं भी किसी प्रकार का कोई हल्ला नहीं हुआ। उन्होंने राजस्थान कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इनके शासन में सर तन से जुदा होने के नारे लगाकर सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर हिंदुत्व को चैलेंज करने का काम किया जाता है और इनके आला कमान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एक शब्द भी नहीं बोलते है और अगर भाजपा शासित राज्यों में इस तरह की घटना घटित होती तो अगले पाँच मिनट में ही हिसाब बराबर कर देते। राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही पेट्रोल डीज़ल के भाव कम होंगे, किसान सम्मान निधि के प्रति वर्ष 12, हज़ार रुपये मिलेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ मुख्यमंत्री आवास योजना की शुरुआत होगी अर्थात् डबल इंजन की सरकार मिलकर राजस्थान के विकास को गति प्रदान करेंगे। साथ ही उन्होंने स्थानीय मुद्दों का ज़िक्र करते हुए भाजपा की सरकार बनते ही वीर हनुमान जी सामोद रोप वे पुनः शुरू करवाने की बात कही। विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा ने सभा में पधारे अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र चौमूँ की जनता प्रदेश में भाजपा की सरकार का जो विजय ताज बनेगा उसमें एक मोती चौमू विधानसभा से भी जीत का होगा। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा कि सरकार आते ही चौमूँ में वीर हनुमान जी का रोप वे का पुनः संचालन, पानी की समस्या का समाधान, सीवरेज लाइन सहित चहुमुखी विकास कार्य करवायेंगे। साथ ही उन्होंने भाजपा की सरकार आते ही कालाडेरा को नगर पालिका, अम्बेडकर पार्क का निर्माण, कुमावतो के बाढ़ को पीएचईडी से जोड़ना, कृषि कॉलेज और प्रशिक्षण महाविद्यालय खोलने का काम किया जायेगा। कार्यक्रम में गुजरात के कच्छ से पूर्व विधायक पंकज भाई मेहता, जयपुर जिला देहात उत्तर जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, प्रधान रामस्वरूप यादव, उपप्रधान कमला चौधरी, पूर्व अध्यक्ष अर्चना कुमावत, गौरव यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हज़ारो की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## बसपा प्रत्याशी कैलाश राज सैनी को मिल रहा अपार समर्थन



**चौमूं (हमारा वतन)** चौमूं में बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कैलाश राज सैनी ने चौमूं नगरपरिषद व गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क किया । इस दौरान बसपा प्रत्याशी सैनी के चौमूं नगरपरिषद के वार्डो व गांवों में पहुँचने पर ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माला एवं साफ़ा पहनाकर सैनी का स्वागत किया गया । सैनी ने डोर टू डोर जनसंपर्क कर बसपा पार्टी में वोट देने की अपील की । जनसंपर्क के दौरान कैलाशराज सैनी ने कहा की चौमूं नगरपरिषद के वार्डो व क्षेत्र में सबसे भयंकर समस्या पानी की है । अगर जनता मुझे मौका देती है तो मैं सबसे पहले पानी की समस्या को दूर करवाऊंगा । साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि अपने बूथ को मज़बूत कर 25 नवंबर को बसपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करे । इस मौक़े पर कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बॉलीवुड फिल्म फाइटर में अक्षय ओबेरॉय की मां की भूमिका में नजर आएंगी जयपुर की उषा श्री



**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर निवासी वरिष्ठ अभिनेत्री और कथक गुरु उषा श्री जल्द ही बॉलीवुड की एक्शन फिल्म 'फाइटर' में नजर आएंगी । उषा श्री इस फिल्म में बॉलीवुड एक्टर अक्षय ओबेरॉय की मां का किरदार निभा रही हैं । 60 वर्षीय अभिनेत्री के फिल्म में करीब आठ सीन हैं जो माह अगस्त - अक्टूबर तक मुंबई में चली शूटिंग के दौरान कंप्लीट हुए थे। जानकारी के अनुसार फिल्म का फर्स्ट लुक जारी हो चुका है । फिल्म 25 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी । फिल्म में लीड रोल में हृतिक रोशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर और अक्षय ओबेरॉय हैं ।

> **फिल्म करण अर्जुन से की थी शुरुआत, 70 से ज्यादा फिल्मों में कर चुकी अभिनय इमोशनल सीन देख भावुक हुई दीपिका तो उषा श्री को लगाया गले**

**दीपिका पादुकोण ने भावुक हो लगाया गले**-अभिनेत्री उषा श्री ने बताया की फिल्म में अक्षय की डेथ हो जाती है । इस इमोशनल सीन में मेरी एक्टिंग की तारीफ में दीपिका भावुक हो गई और मेरे गले लग जाती हैं । जब मैंने हृतिक को बताया कि मेरी पहली फिल्म 'करण अर्जुन' थी जिसका निर्देशन आपके पिता राकेश रोशन ने किया था । इसके खुलासे के बाद पूरे सेट पर मुझे काफी मान सम्मान मिला । फाइटर में राजस्थान से मैं एकमात्र महिला कलाकार थी जो मुख्य किरदार में थी ।

**1994 में उषा श्री ने करण अर्जुन में जागीरदार के बेटे की बहू का किया था रोल**-वरिष्ठ अभिनेत्री उषा श्री ने विगत 30 साल में 70 से अधिक बॉलीवुड, हॉलीवुड, डॉक्यूमेंट्री फिल्में, एड फिल्म, सीरियल किए हैं । एक्टिंग की शुरुआत 1994 में राकेश रोशन के निर्देशन में बनी फिल्म 'करण अर्जुन' से की थी । इसमें उषा श्री ने जागीरदार के बेटे की बहू का किरदार निभाया था ।

**इनमे जल्द ही आएँगी नज़र** -फिल 'फाइटर' के अलावा अब जल्द ही सनी देओल की फिल्म 'सूर्या' एवं 'जोरा', सोनाक्षी सिन्हा के साथ फिल्म 'धार' और डिंपल कपाड़िया के साथ वेब सीरीज 'सास बहू एवं फ्लेमिंगो' में नजर आएंगी । गौरतलब है कि उनकी तीन फिल्में अवार्डेड हैं, जिनमें दो हॉलीवुड फिल्म 'क्वीन्स ऑफ झांसी' और सेल ऑफ़ ब्राइड', राजस्थानी फिल्म 'नानेरा' शामिल है।



# पंडित रविन्द्राचार्य ने परिवार संग किए खाटू श्याम जी के दर्शन

**जयपुर (हमारा वतन)** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्टीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने परिवार के साथ खाटू श्याम जी के दर्शन किए । बाबा श्याम के दर्शन कर मन को बड़ा सुकून मिला । सभी के लिए मंगल कामना की। इस दौरान पत्रकार प्रमोद स्वामी, सुजल स्वामी, शशि बाला स्वामी ,शिवानी शर्मा, हर्षवर्धन शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा ,तारा शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

नि:संतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# मुझे गर्व है मैं माली समाज से हूं, मैं राजस्थान का भी माली हूं: सीएम गहलोत

**उदयपुरवाटी (हमारा वतन)** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं माली समाज से हूं। देश दुनिया में बड़े-बड़े बगीचे हैं, उनकी माली रक्षा करता है। बगीचे को सजा कर रखता है। उसी प्रकार मैं भी राजस्थान में सभी धर्म व जातियों का गुलदस्ता सजा कर रखता हूं। मैं राजस्थान का भी 'माली' हूं। यह बात चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम गहलोत ने कही।साथ ही उदयपुरवाटी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत




ने राज्य सरकार की योजनाओं को गिनाया। कहा कि यहां से आप लोग यह संकल्प लेकर जाएं कि प्रदेश में सरकार रिपीट होकर रहेगी। 40 लाख महिलाओं को मोबाइल दे चुके हैं। चुनाव खत्म होने के बाद एक करोड़ महिलाओं को मोबाइल और दिए जाएंगे। महंगाई राहत शिविर लगाए गए। तीन लाख युवाओं को नौकरियां देकर राजस्थान अग्रणी श्रेणी में है। सभा को कांग्रेस प्रत्याशी भगवानाराम सैनी, परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला और अन्य ने भी संबोधित किया।

## जीवन के दिन चार

एक आस है एक सांस है एक है परवरगार
एक ही दिन है एक रात है एक है ये संसार
एक रक्त का रंग सभी का फिर कैसा विलगाव
भटक रहा क्यों राही डगर पर जीवन के दिन चार
काली रातों के अंधियारे में दिन का उजाला कैसे हो
क्रूर काल के हाथों से जीवन का वादा कैसे हो
कुछ गुजरे हैं इन राहों से कुछ बैठे हैं तैयार
गये सिकंदर हाथ पसारे जीवन के दिन चार टूटी माला बिखरे मनके बीत गये दिन चार छोड़ घाट तक चले गये हैं जिगरी वाले यार
ले कर सपने बढ़ा मुसाफ़िर मंज़िल को तैयार इसी घाट पर मंजिल सबकी जीवन के दिन चार
आना जाना लगा हुआ है हंसना रोना साथ चक्र जीव का चला रहा वो राघव दीनानाथ
अलबेला ही खेल है उसका अजब अनोखा सार
देखो कैसे बीत रहे हैं जीवन के दिन चार

**विनोद शर्मा वेणु,**
**जोगबनी, बिहार**



## कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर शिखा मील बराला ने किया विभिन्न गांवों में जनसंपर्क

**चौमूं (हमारा वतन)** चौमूं विधानसभा से कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी डॉक्टर शिखा मील बराला ने विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया और हाथ के निशान पर वोट देने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने माला, साफा, चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। जानकारी के अनुसार नरसिंहपुरा उगरियावास, मलिकपुर, सीतारामपुरा, चारणवास, आलिसर,बागा का बास, हस्तेड़ा, विजयनगर, नोपुरा, दम्बा का बास, कुंभा का बास, जालिम सिंह का बास, सांदरसर, खन्नीपुरा आदि में जनसंपर्क किया।



## एमडीएफसी बैंक में हर्षोल्लास के साथ मनाई दीपावली

**जयपुर (हमारा वतन)** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चौमूं शहर के कचोलिया रोड स्थित एमडीएफसी बैंक में दीपावली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। संपूर्ण बैंक परिसर को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजावट की गई। माता लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर धन-धान्य की कामना की गई। इसके बाद एमडीएफसी बैंक की डायरेक्टर पूनम शर्मा और सीईओ रविकांत शर्मा द्वारा सभी स्टाफ को गिफ्ट और मिठाइयां वितरित की गई। इस दौरान मैनेजर पी सी मीणा, गोल्ड लोन मैनेजर डिंपल शर्मा, असिस्टेंट गोल्ड लोन मैनेजर कोमल सैन, आनवीं, जानवी और मानसी सहित कई लोग मौजूद रहे।



## प्रेमलता सांड को मिला मदर टेरेसा समर्पण समाज गौरव अवार्ड 2023




**जयपुर (हमारा वतन)** दुर्गापुरा स्थित सियाम ऑडिटोरियम में समर्पण संस्थान का राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव 2023 अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से चयनित 57 विभूतियों को समर्पण समाज गौरव अवार्ड से अलंकृत किया गया। संस्था के संस्थापक दौलत राम माल्या ने बताया कि मदर टेरेसा समर्पण समाज गौरव अवार्ड 2023 प्रेमलता सांड को समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार कई वर्षो से उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रेमलता सांड कैंसर रोगियों को योग सिखाकर मोटिवेट करती हैं।

## इकराम राजस्थानी को मिला अणुव्रत लेखक पुरस्कार 2023



**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर निवासी सुप्रसिद्ध साहित्यकार, गीतकार और कलाकार इकराम राजस्थानी को अणुव्रत लेखक पुरस्कार 2023 प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार अणुव्रत विश्व भारती समिति द्वारा मुंबई के नंदनवन में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण के सानिध्य में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। इकराम राजस्थानी ने 32 वर्षों तक आकाशवाणी में कार्य किया और अंतरराष्ट्रीय कमेंटेटर के रूप में ख्याति प्राप्त की।

इकराम राजस्थानी पिछले पांच दशकों से हिंदी, राजस्थानी और उर्दू भाषा में समान अधिकार से लेखन कार्य कर रहे हैं। इकराम राजस्थानी आजकल श्रीमद् भागवत गीता, उपनिषद और वेदों का राजस्थानी भाषा में अनुवाद कर रहे हैं। इनकी लेखनी सदैव मानवीय मूल्यों को उजागर करने और सर्वधर्म सद्भाव को बढ़ाने के प्रति समर्पित रही है। इकराम राजस्थानी को श्रेष्ठ लेखन व अन्य विशिष्टताओं के लिए अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं। इकराम को नैतिक एवं मानव मूल्यों के उन्नयन में साहित्य के योगदान के लिए अणुव्रत लेखक पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है।

## मतदाता व स्वास्थ्य जागरुकता के रूप में मनाया जयपुर का 296वां स्थापना दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शनिवार को गुलाबी नगरी जयपुर का 296 वां स्थापना दिवस मतदाता जागरूकता के रूप में मनाया। इस अवसर पर सुबह। बजे आयोजित साईकलिस्थान रैली को सफाई कर्मियों ने झण्डी दिखा कर रवाना किया। रैली में साईकलिस्ट के एसोसिएशन एमटीब, इलेवन साईकिल, स्मार्ट सिटी लिमिटेड, ग्रेटर व हैरिटेज निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। रैली मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेन्द्र सिंह शेखावत, ग्रेटर निगम आयुक्त बाबूलाल गोयल, नगर निगम जयपुर हैरिटेज के उप निदेशक जन सम्पर्क मोतीलाल वर्मा, उपायुक्त कोशल कटूमरा, नूर मोहम्मद आदि शामिल हुए। साईकलिस्थान रैली में शामिल प्रतिभागियों ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेखावत द्वारा रचित स्लोगन जागरूक मतदाता जागरूक देश, कर्तव्यों से कोई न रूठे, मतदान कभी किसी का न छूटे, लोकतंत्र हो तभी महान, जहां करें सब मतदान, न लोभ से न नोट से, सरकार बनेगी सही वोट से की तख्तियां व बैनर हाथों में ले रखे थे। प्रतिभागियों ने नारे भी लगाये साथ ही स्वस्थ रहने हेतु साईकिल चलाने का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने आकर्षक टी शर्ट पहन रखी थी। रैली लालकोठी स्थित ग्रेटर निगम मुख्यालय से शुरू होकर छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़, हवामहल, कालका जी मंदिर होती हुई तालकटोरा झील पहुंची। यहां जयपुर स्थापना के उपलक्ष्य में उपायुक्त नूर मोहम्मद, उप निदेशक जन सम्पर्क मोतीलाल वर्मा, अधिशाषी अभियंता बी डी शर्मा ने केक काटा व प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।



## जॉब्स-

1. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, पद संख्या 327, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2023
2. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर एसोसिएट्स क्लर्क, पद संख्या 8283, अंतिम तिथि 7 दिसंबर 2023
3. नॉर्थ सेंट्रल रेलवे प्रयागराज, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1664, अंतिम तिथि 14 दिसंबर 2023
4. ईस्ट सेंट्रल रेलवे, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1851, अंतिम तिथि 9 दिसंबर 2023
5. बिहार पुलिस, पद एसआई, पद संख्या 64, अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2023
6. नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड, पद मैनेजमेंट ट्रेनी और अकाउंट असिस्टेंट, पद संख्या 89, अंतिम तिथि 1 दिसंबर 2023
7. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 496, अंतिम तिथि 30 नवंबर 2023
8. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, पद सिक्योरिटी स्क्रीनर, पद संख्या 906, अंतिम तिथि 8 दिसंबर 2023

बॉलीवुड चटकारा

## आदित्य रॉय कपूर का बर्थडे

# अनन्या पांडे ने लव सॉन्ग लगाकर विश किया, सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की

आदित्य रॉय कपूर ने अपना 38वां बर्थडे मनाया। आदित्य की रूमर्ड गर्लफ्रेंड अनन्या पांडे ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने पेड़ों के बीच खड़े आदित्य रॉय कपूर की फोटो लगाकर एक लव सॉन्ग लगाया। ये लव सॉन्ग एंगस और जूलिया स्टोन का है, जो कि ऑस्ट्रेलियाई इंडी-फोक ग्रुप है। अनन्या ने पोस्ट पर हैप्पी बर्थडे AD लिखा। उन्होंने रोलरकोस्टर और एक हार्ट इमोजी भी बनाया। **आदित्य और अनन्या अक्सर साथ दिखते हैं**-आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे ने अपनी रिलेशनशिप को अभी तक ऑफिशियल नहीं किया है। लेकिन ये दोनों अक्सर साथ में देखे जाते हैं। कभी विदेश में छुट्टियां मनाते हुए, तो कभी किसी इवेंट में। यहां तक कि अनन्या पांडे ने अपना बर्थडे भी आदित्य रॉय कपूर के साथ मालदीव में मनाया था। **कॉफी विद करण में भी आदित्य-अनन्या के रिश्ते का जिक्र हुआ था**-करण जौहर के शो कॉफी विद करण में अक्सर सेलेब्स कई तरह के खुलासे करते हैं। इस शो के 8वें सीजन के तीसरे एपिसोड में सारा अली खान और अनन्या पांडे नजर आए थे। जब करण ने सारा से पूछा कि अनन्या के पास ऐसा क्या है, जो सारा के पास नहीं है तो सारा ने जवाब दिया- ए नाइट मैनेजर। इसके बाद करण अनन्या से पूछते हैं कि कहीं आप प्यार में गुमराह तो नहीं हो गई? तो अनन्या जवाब देती है कि आशिकी ऐसी ही होती है।**आदित्य और अनन्या के प्रोजेक्ट्स**-आदित्य हाल ही में मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म गुमराह में नजर आए थे। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। इसके अलावा आदित्य वेब सीरीज द नाइट मैनेजर में भी दिखे थे।अनन्या पांडे के वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या खो गए हम कहां में सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नजर आएंगी। ये फिल्म अगले साल फरवरी में रिलीज होगी। इसके पहले अनन्या आयुष्मान खुराना के साथ ड्रीम गर्ल 2 में नजर आई थीं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी।



# सूख रहा है आंख का पानी

## हर दिन ड्राई आई के 100 केस



**मोबाइल-लैपटॉप के ज्यादा यूज से सूख रहा है आंखों का पानी**-दिल्ली वाले अपने काम के साथ मोबाइल और लैपटॉप पर इतना बिजी रहने लगे हैं कि अब तो उनकी आंखों का पानी भी सूखने लगा है। आलम यह है कि इसकी जानकारी होते हुए भी वह इसे हल्के में ले रहे हैं। एम्स के आई स्पेशलिस्ट्स का कहना है कि दिल्ली में ड्राई आई के केसेज हर दिन बढ़ रहे हैं।

**हर दिन ड्राई आई के 100 केस** -आंखों का पानी सूखने की घटना को ड्राई आई कहते हैं और एम्स के आई सेंटर में हर दिन ड्राई आई के 100 से ज्यादा मरीज आ रहे हैं यानी एक महीने में 3 से 4 हजार मरीज। हर दिन आने वाले इन 100 में से लगभग 30 मरीज ऐसे होते हैं जिन्हें ड्राई आई की समस्या मोबाइल और लैपटॉप के ज्यादा इस्तेमाल के कारण होती है। यह आंकड़ा तो सिर्फ एम्स का है। इसके अलावा दिल्ली के अन्य सरकारी व निजी अस्पतालों और प्राइवेट क्लीनिक्स में भी ड्राई आई के मरीजों की भरमार है।

**क्या होती है ड्राई आई?** एम्स के आई स्पेशलिस्ट डॉ राजेश सिन्हा बताते हैं कि जब हम मोबाइल या लैपटॉप का अधिक इस्तेमाल करने लगते हैं।

# महिलाओं में इस अवस्था में हार्ट अटैक की आशंका 5 गुना अधिक

गर्भावस्था के दौरान महिलाएं कई तरह के शारीरिक और मानसिक बदलावों से गुजरती हैं। इस दौरान होने वाले बदलावों का उनकी दिल-दिमाग पर गहरा असर होता है। इस संबंध में हुए शोध में पता चला है कि गर्भवती महिलाओं में गर्भावस्था और प्रसव के दौरान हार्ट अटैक का खतरा बढ़ रहा है। इस अध्ययन में कहा गया है कि 2002 से 2014 के बीच महिलाओं में गर्भावस्था में, लेबर के दौरान या प्रसव के बाद के शुरुआती हफ्तों में हार्ट अटैक की दर में 25 फीसदी का इजाफा हुआ है।यह अध्ययन बुधवार के मेयो क्लीनिकल प्रोसीडिंग्स पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। इस अध्ययन के दौरान विशेषज्ञों ने 4.9 करोड़ प्रसव के आंकड़े जुटाए। उन्होंने देखा कि जन्म देने वाली महिलाओं में से 1061 को लेबर या प्रसव के दौरान हार्ट अटैक हुआ। 922 महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव हुआ, जबकि 2390 महिलाओं को शिशु को जन्म देने के बाद हार्ट अटैक हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि महिलाओं में यूं तो हार्ट अटैक की आशंका कम रहती है। मगर 2002 से 2014 के आंकड़े बताते हैं गर्भावस्था के दौरान उनके खतरे में इजाफा हुआ। शोध के दौरान उन्होंने देखा कि जिन महिलाओं को गर्भावस्था या प्रसव के तुरंत बाद अस्पताल में रहते हुए हार्ट अटैक हुआ उनमें मृत्यु दर 4.5 फीसदी थी। शोधकर्ताओं के मुताबिक यह आश्चर्यजनक रूप से काफी अधिक थी। उनका कहना था कि बच्चों को जन्म देने की उम्र में महिलाओं में हार्ट अटैक का खतरा न के बराबर होता है। एनवाईयू लैंगोन हेल्थ में मेडिसिन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर नैथेनियल स्माइलोविज का कहना है कि युवा महिलाओं में हार्ट अटैक होना असाधारण बात है। मगर प्रेगनेंसी और उसके तुरंत बाद का समय उनके लिए काफी संवेदनशील होता है। इस दौरान होने दिल की बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है।



# डंकी का प्रोमो देखकर चौंक गई थीं फराह

## बोलीं- ऐसी ही थी 'हैप्पी न्यू ईयर' के पहले वर्जन की कहानी, शाहरुख ने की थी रिजेक्ट

इस साल 'पठान' और 'जवान' जैसी सक्सेसफुल फिल्में दे चुके शाहरुख खान की अगली फिल्म 'डंकी' क्रिसमस पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को राजकुमार हिरानी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म का पहला टीजर रिलीज हो चुका है। इसकी कहानी कुछ ऐसे लोगों के इर्द-गिर्द बुनी गई है जो US जाना चाहते हैं। **शाहरुख बोले वो इस रोल में फिट नहीं**-अब एक इंटरव्यू में फराह खान ने बताया कि उन्होंने कुछ साल पहले शाहरुख को ऐसी ही एक स्क्रिप्ट ऑफर की थी। हालांकि, शाहरुख ने इसे यह कहकर रिजेक्ट कर दिया था कि वो इस रोल में फिट नहीं बैठेंगे क्योंकि वो यंग नहीं हैं। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया को दिए एक इंटरव्यू में फराह ने यह किस्सा शेयर किया। उन्होंने कहा, 'मैंने जब डंकी का प्रोमो देखा तो मैं चौंक गई। इसकी कहानी मेरी फिल्म 'हैप्पी न्यू ईयर' के पहले वर्जन जैसी ही है, जिसे शाहरुख ने रिजेक्ट कर दिया था।'**शाहरुख ने रिजेक्ट कर दिया था 'हैप्पी न्यू ईयर' का पहला वर्जन**-फराह ने आगे बताया, 'मैंने 'हैप्पी न्यू ईयर' का जो पहला वर्जन लिखा था तब इस फिल्म की कहानी 4 ऐसे लड़कों पर बेस्ड थी जो अमेरिका जाना चाहते थे। शाहरुख को फिल्म का वो वर्जन पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा कि मैं इस किरदार में काफी बूढ़ा दिखूंगा, यह किसी यंग लड़के का रोल है। यह मेरे लिए यह काफी स्ट्रेंज है क्योंकि अब मैं 'डंकी' का प्रोमो देख रही हूं। मेरी कहानी 'डंकी' से काफी हद तक मिलती हुई थी।'डंकी इस साल रिलीज होने वाली शाहरुख की तीसरी फिल्म है। डंकी इस साल रिलीज होने वाली शाहरुख की तीसरी फिल्म है। क्या 'मुन्ना भाई चले अमेरिका' का दूसरा वर्जन है 'डंकी'! डंकी के प्रोमो को देखकर यही अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म में एक ऐसे ग्रुप की कहानी है जो बस यूएस पहुंचना चाहते हैं। फिर भले ही इसके लिए उन्हें गलत तरीका अपनाना पड़े।

कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि 'डंकी' राजकुमार हिरानी की ही दूसरी फिल्म 'मुन्ना भाई चले अमेरिका' का दूसरा वर्जन है। यह फिल्म कभी संजय दत्त और अरशद वारसी के साथ बनाई जानी थी, पर कभी बन नहीं पाई। फिल्म हैप्पी न्यू ईयर में शाहरुख और दीपिका ने तीसरी बार साथ काम किया था। दोनों अब तक साथ में कुल 5 फिल्में कर चुके हैं। फिल्म हैप्पी न्यू ईयर में शाहरुख और दीपिका ने तीसरी बार साथ काम किया था। दोनों अब तक साथ में कुल 5 फिल्में कर चुके हैं। 'हैप्पी न्यू ईयर' ने की थी वर्ल्डवाइड 408 करोड़ की कमाई फिल्म 'हैप्पी न्यू ईयर' 2014 में रिलीज हुई थी। यह 'पीके' के बाद उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी फिल्म थी। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, सोनू सूद, बोमन ईरानी और विवान शाह स्टारर इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 408 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।



# ज्यादा जूस पीना हो सकता है खतरनाक,ये हैं नुकसान

क्या आपको फलों के मुकाबले जूस पीना ज्यादा अच्छा लगता है? अगर हां, तो ज़रा सावधान हो जाएं क्योंकि अगर आपको लगता है कि जूस पीने से काफी फायदे होते हैं, तो शायद आप गलत हैं। कुछ वजहे हैं जिनके कारण जूस पीना सेहत के लिए सही नहीं है।कुछ ऐसे फल हैं, जैसे कि सेब और अंगूर जिन्हें डायबीटीज़ में फायदेमंद माना जाता है, लेकिन अगर इन्हीं चीज़ों को जूस बनाकर पीया जाए, तो असर उल्टा होगा। जूस में कैलरी ज्यादा मात्रा में होती है। साथ ही उसमें कॉन्सनट्रेटिड शुगर भी काफी होता है। साथ ही जूस में कम फाइबर होता है, जिसकी वजह से आपको जूस पीते ही तुरंत पेट भरा हुआ महसूस होने लगता है।चूंकि एक फल के मुकाबले उसका जूस ज्यादा जल्दी कंज्यूम कर लिया जाता है इसलिए उससे कार्बोहाइड्रेट इन्टेक भी काफी ज्यादा होता है। एक रिसर्च में सामने आया कि जिन लोगों ने खाना खाने से पहले सेब का जूस पिया उन्हें ज्यादा भूख लगी और उन्होंने उन लोगों के मुकाबले ज्यादा खाया, जिन्होंने मात्र एक सेब खाने के बाद खाना खाया था।जूस को अपनी डेली लाइफ का हिस्सा बनाना ठीक नहीं है, लेकिन लोग यह सोचकर रोज़ाना उसे अपनी डाइट में इसलिए शामिल कर लेते हैं क्योंकि वह नैचरल है और हेल्दी होगा। ऐसा कहीं कोई सबूत नहीं है जो यह साबित कर पाए कि जूस हेल्दी है, बल्कि इसे भी अन्य चीनीयुक्त पेय पदार्थों में गिनना चाहिए। जूस पीने के बजाय फल खाने की आदत डालें। शायद ही लोग जानते हों कि जूस पीने का मोटापे से भी संबंध है। हालांकि कुछ लोग इसके हेल्थ बेनिफिट्स के आगे इसे नज़रअंदाज़ कर देंगे। मोटापे के अलावा जूस पीने से इम्यून सिस्टम भी कमज़ोर हो जाता है और किसी भी बीमारी से लड़ने की क्षमता भी कम हो जाती है। जूस पीने से ब्लड शुगर लेवल भी प्रभावित होता है और डायबीटीज़ जल्दी असर करती है। इसके अलावा सिरदर्द, मूड स्विंग्स जैसी कई और परेशानियां आपको घेर लेती हैं। इसलिए जूस पीने से सावधान रहें। इसे अपनी ज़रूरत न बनाएं। हां कभी-कभी इच्छा हुई तो पी सकते हैं।



# बल्दी बग्वाल पर की जाती है गाय-बैलों की पूजा- वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी

**उत्तराखंड (हमारा वतन)** उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अनेक परम्पराएं देखने को मिलती हैं जहां लोग त्योहारों पर विभिन्न पकवान बनाते हैं । वहीं गांव के लोग अपने गाय बैलों, पशुओं व पेड़ पौधों की पूजा अर्चना करते हैं । कई स्थानों पर दिवाली से पहले गाय बैलों की पूजा की जाती है जिसे बल्दी बग्वाल कहते हैं।



प्रसिद्ध पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने बताया कि हमारे गांव में दीपावली महालक्ष्मी पूजन के पहले दिन बल्दी बग्वाल मनाई जाती है। इस दिन जौ के आटा, चावल, झंगोरा, भट्ट, गहद की दाल, कटवाल के फूल, विंडा के पत्ते, पूरी, पकोड़े व थोड़ा हल्दी मिलाकर पकाया जाता है जिसे पिंडा कहते हैं, उसके गोले बनाकर पूजा अर्चना कर पशुओं को खिलाया जाता है। डॉ. सोनी ने बताया कि गाय बैलों व पशुओं की पूजा अर्चना कर उन्हें पिंडा खिलाने को बल्दी बग्वाल कहते हैं। वहीं किरन सोनी ने बताया कि बल्दी बग्वाल पर घर गांव में अपने पशुओं पर छापड़ लगाया जाता है। आटा में थोड़ी हल्दी मिलाकर उसका घोल बनाकर गोल आकार के लिए गिलास से पशुओं पर लगाते हैं जिसे छापड़ कहते हैं । इसका मतलब यह होता है कि हमने बल्दी बग्वाल पर अपने पशुओं की पूजा कर उन्हें पिंडा खिला दिया है। सोबन सिंह ने बल्दी बग्वाल को पूर्वजों की धरोहर कहते हुए कहा कि इस दिन हम अपने पशुओं के पांव धोते हैं, उनके सींगों पर तेल लगाते हैं और फूल माला पहनाकर उनकी पूजा करते हैं, ताकि हमारे पशु स्वस्थ रहे। बल्दी बग्वाल पर रोशनी देवी, सोनी देवी, सुमनी देवी, सीता, आशा आदि उपस्थित रहे ।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# अखिलेश की चुनावी तैयारी देखकर उड़ सकती है भाजपा की नींद

खेती-किसानी में सबसे ज्यादा विकास दर वाले मध्य प्रदेश में कांग्रेस की उपेक्षा से क्या समाजवादी पार्टी ने मान लिया है कि अगले आम चुनाव में उसे अकेले अपने दम पर ही उतरना होगा? अखिलेश यादव ने आगे बढ़कर अपने असर वाले उत्तर प्रदेश में जिस तरह आम चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं, उसके संकेत तो यही हैं।


राम गोपाल सैनी

चुनाव में जीत-हार बाद का मसला है, लेकिन अखिलेश की तैयारियों से साफ है कि अगर गठबंधन की थोड़ी गुंजाइश बनी भी तो उत्तर प्रदेश में गठबंधन उनकी ही शर्तों पर होगा। अखिलेश जिस तरह जुटे हुए हैं, उससे लगता है कि अगर गठबंधन नहीं भी होता तो भी समाजवादी पार्टी अपने अखिलेश को लेकर यह सोच इसलिए बन रही है, क्योंकि उन्होंने ऐलान कर दिया है कि समाजवादी पार्टी राज्य की 80 में से 65 सीटों पर खुद उतरेगी। पंद्रह सीटों को छोड़कर अखिलेश यादव ने गठबंधन की गुंजाइश तो छोड़ी है। अखिलेश के साथ विधानसभा चुनाव लड़ चुके सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर अखिलेश का साथ छोड़ चुके हैं। जिस तरह बहन जी यानी मायावती ने जिस तरह 'एकला चलो रे' का राग अपना रखा है, उससे अखिलेश मान चुके हैं कि बहुजन समाज पार्टी से इस बार गठबंधन संभव नहीं हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन था। तब इसे 'बुआ-बबुआ' का गठबंधन माना जा रहा था। साल 2017 के विधानसभा चुनावों में अखिलेश यादव की पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन था, तब उस गठबंधन को राहुल गांधी के साथ के चलते 'यूपी के लड़के' कहा गया था। वैसे तो हर चुनाव में हर राजनीतिक दल के लिए गुंजाइश होती ही है।लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि देश में अतीत में ये दोनों गठबंधन भारतीय जनता पार्टी के सामने काम नहीं आए। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी का साफ गठबंधन नहीं था। लेकिन यह भी सच है कि समाजवादी पार्टी ने अमेठी और रायबरेली में अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे।

# जीआईसी बिझौली में कविता लेखन में सम्मानित हुए बाल कवि




**उत्तराखंड (हमारा वतन)** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में बाल दिवस के उपलक्ष में बाल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इसमें बाल कवि अबुजर, हारिश को कविता लेखन के लिए सम्मानित किया गया । समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कांग्रेस नेता हेमेंद्र चौधरी ने दोनों बच्चों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, पैन और डायरी देकर सम्मानित किया । उन्होंने कहा कि बच्चों को एक-दूसरे से सीख लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए । जीवन में सफलता के लिए अनुशासन और निरंत परिश्रम जरूरी है । हेमेंद्र चौधरी ने बच्चों को जीवन में लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने की भी प्रेरणा दी व कहा कि जीवन में लक्ष्य का होना बेहद जरूरी है । जीवन में लक्ष्य होगा तभी हम आसानी से आगे बढ़ सकते हैं । कार्यक्रम संयोजक पर्यावरण मित्र शिक्षक अशोक पाल ने बच्चों से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए छात्रों से शिक्षा के साथ-साथ संस्कारी होने की भी बात कही । कहा कि बच्चो को प्रतियोगिताओं में भी रुचि दिखानी चाहिए । उन्होंने बच्चों को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन के विषय में बताते हुए कहा कि पंडित नेहरू को बच्चों से बेहद लगाव था । इसीलिए उन्हें चाचा नेहरू भी कहा जाता है ।

# पवित इन्फोटेक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी की धनतेरस पर हुई लॉन्चिंग



**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर स्थित पवित इन्फोटेक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी की आज धनतेरस पर लॉन्चिंग की गयी। यह कंपनी मोबाइल एंड वेब एप्लिकेशन डेवलपमेंट सहित विविध प्रकार की सेवाएँ प्रदान करती है। कंपनी डायरेक्टर शंकर इंदौरा और रामस्वरूप इंदौरा ने बताया कि हमारी कंपनी मल्टिपल सर्विसेज जैसे Web Development, Mobile App Development, Custom ERP Solutions, Custom Management Solutions, Factory Automation Solutions, Digital Marketing मोबाइल एंड वेब एप्लिकेशन डेवलपमेंट की सभी सेवाएँ प्रदान करेगी। हमारे यहाँ पर प्रत्येक ग्राहक की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित लागत, प्रभावी तरीके और अनुरूप तरीके से विशिष्ट समस्याओं को हल करने में मदद करने के लिए सॉफ्टवेयर सेवाओं की एक श्रृंखला है।

व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने और चुनौतियों पर काबू पाने में अक्सर रणनीतिक योजना, प्रभावी निष्पादन और अनुकूलन क्षमता का संयोजन शामिल होता है। अधिक जानकारी के लिए www.pavitinfotech.com और info@pavitinfotech.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# सहारा ग्रुप के मुखिया सुब्रत रॉय का 75 वर्ष की उम्र में हुआ निधन



**मुंबई (हमारा वतन)** सहारा ग्रुप के संस्थापक सुब्रत रॉय सहारा का लम्बी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। मुंबई में उनका इलाज चल रहा था। सुब्रत रॉय 75 वर्ष के थे। जानकारी के लिए आपको बता दें कि तबियत खराब होने के बाद उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में रविवार को एडमिट करवाया गया था। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि , सहारा श्री के साथ जिस किसी को काम करने का सौभाग्य मिला उनके लिए वे गाइडेंस फोर्स, मेंटर और प्रेरणा के स्रोत थे। सुब्रत रॉय का जन्म 10 जून 1948 को अररिया बिहार में हुआ था। उन्होंने गोरखपुर के सरकारी टेक्निकल इंस्टीट्यूट से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। उन्होंने अपने बिजनेस की शुरुआत गोरखपुर से 1976 में की थी । 1992 में सहारा ग्रुप ने राष्ट्रीय सहारा नाम का न्यूज पेपर निकाला। साथ ही कंपनी ने 'सहारा टीवी' नाम से अपना टीवी चैनल भी लॉन्च किया था। कंपनी मीडिया से लेकर रियल एस्टेट, फाइनेंस सहित कई सेक्टर में काम कर रही है। सहारा इंडिया परिवार का साम्राज्य एक समय काफी बड़ा हो गया था। टाइम मैगजीन ने एक बार अपनी रिपोर्ट में कहा था कि रेलवे के बाद देश में सबसे अधिक रोजगार सहारा ग्रुप देने वाला समूह था। समूह का दावा था कि उनके साथ करीब 9 करोड़ निवेशक जुड़े थे। जिसमें गांव से लेकर शहरों तक के लोग जुड़े थे। सुब्रत रॉय को 2014 से कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद वे पैरोल पर बाहर आ गए थे।

# समाजसेवी राघब चंद्र नाथ ने विश्व रिकॉर्ड किया अपने नाम

**त्रिपुरा (हमारा वतन)** हर संडे एक पेड़ जरूर लगाना है स्लोगन देने वाले एवं इस स्लोगन से सबसे पहले पेड़ लगाने के लिए राघब चन्द्र नाथ ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। राघब चन्द्र नाथ ने इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना रिकॉर्ड अनब्रेकेबल श्रेणी में शामिल किया है । इको चैंपियन- राघब चंद्र नाथस ट्री-प्लांटिंग लिगेसी फॉर - 'हर संडे एक पेड़ जरूर लगाना है' स्लोगन टाइटल से राघब चन्द्र नाथ ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के तरफ़ से बताया गया कि राघब चंद्र नाथ ने 27 सितंबर 2020 को, 'हर संडे एक पेड़ जरूर लगाना है' स्लोगन दिया था एवं सर्व प्रथम इस स्लोगन के साथ वृक्ष रोपण किया था। इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के तरफ़ से बताया गया कि राघब चंद्र नाथ ने15 दिन के भीतर भारत सरकार के आईएसबीएन ( इंटरनेशनल स्टैंडर्ड बुक नंबर) एजेंसी से एडिटर के रूप में 830 से भी ज्यादा इंटरनेशनल स्टैंडर्ड बुक नंबर लेने में सफल हुए जिससे राघब चन्द्र नाथ के संपादन कार्य की स्किल को दर्शाता है। राघब चन्द्र नाथ के विश्व रिकॉर्ड बनने पर देश-विदेश के बड़े बड़े महाविद्यालय / विश्वविद्यालय के प्रिंसिपल / प्रोफ़ेसर एवं संगठनों के सभापति, सम्पादकों ने बधाई दी है।






RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद क़ुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा